बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार

32, हार्डिंग रोड, पटना-800001

फोन- 0612-2231563, फैक्स नं० : 2231562, **http//:bsea.bihar.gov.in. Email-bseapatna@gmail.com**

पटना/ दिनांक 02/03/2022

अधिसूचना

संख्या- नि०प्रा०/नि० 1-04/2022 294 बिहार सहकारी सोसाईटी (संशोधन) अधिनियम, 2011 के धारा-14 क (1) के प्रावधानों के आलोक में सहकारिता विभाग की अधिसूचना संख्या-1273 दिनांक 01.03.2012 द्वारा बिहार सहकारिता अधिनियम, 1935 के अधीन निबंधित सहकारी समितियों के प्रबंध समिति के निर्वाचन संचालन का दायित्व बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार को सौंपा गया है।

2. उक्त परिप्रेक्ष्य में बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार अधिनियम 2008 की धारा 5 (2) एवं बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार नियमावली 2008 के नियम 6 (2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए **बिहार महिला सेवा बचत एवं साख स्वाबलंबी सहकारी समिति लि०, मुंगेर के निर्वाचन के लिए सदर अनुमंडल पदाधिकारी, मुंगेर सदर को निर्वाचन पदाधिकारी नियुक्त किया जाता है।**

3. सदर अनुमंडल पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स0स0), मुंगेर सदर उक्त समिति के निर्वाचन हेतु अपने अधीन कार्यरत प्रखंड विकास पदाधिकारी/ अंचलाधिकारी/ भूमि सुधार उप समाहर्त्ता/ उप समाहर्त्ता को उप निर्वाचन पदाधिकारी के रूप में नियुक्त कर सकते हैं।

4. सदर अनुमंडल पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स0स0), मुंगेर सदर, जिला पदाधिकारी -सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स0स0), मुंगेर के निर्देशन एवं नियंत्रण में संबंधित समिति का चुनाव संबंधी कार्य करेंगे।

5. उक्त सभी पदनामित पदाधिकारी बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार अधिनियम, 2008 की धारा 4 के अंतर्गत बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार के पर्यवेक्षण, निदेशन एवं नियंत्रण में निर्वाचन का संचालन करेंगे।

(पुरूषोत्तम पासवान)
सचिव।

ज्ञापांक : 294 पटना/ दिनांक 02/03/2022

प्रतिलिपि : ई-गजट शाखा, वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। उनसे अनुरोध है कि प्रकाशित अधिसूचना की 50 प्रतियाँ प्राधिकार को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

सचिव।

ज्ञापांक : 294 पटना/ दिनांक 02/03/2022

प्रतिलिपि : प्रमंडलीय आयुक्त, मुंगेर/ जिला पदाधिकारी -सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स०स०), मुंगेर/ सदर अनुमंडल पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स0स0), मुंगेर सदर/ जिला सहकारिता पदाधिकारी, मुंगेर/ प्रमंडलीय संयुक्त निबंधक, मुंगेर प्रमंडल, मुंगेर/ मुख्य कार्यपालक, पदाधिकारी, बिहार महिला सेवा बचत एवं साख स्वाबलंबी सहकारी समिति लि0, मुंगेर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव।

ज्ञापांक : 294 पटना/ दिनांक 02/03/2022

प्रतिलिपिः अपर मुख्य सचिव, गृह विभाग, बिहार, पटना/ पुलिस महानिदेशक, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव।

ज्ञापांक : 294 पटना/ दिनांक 02/03/2022

प्रतिलिपिः अपर मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना/ सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना/ निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव।